चाहे कृष्ण कहो या राम

जग में सुन्दर हैं दो नाम,
चाहे कृष्ण कहो या राम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम ॥

माखन ब्रज में एक चुरावे,
एक बेर भिलनी के खावे,
प्रेम भाव से भरे अनोखे,
दोनों के हैं काम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम,
जग में सुन्दर हैं दो नाम,
चाहे कृष्ण कहो या राम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम......

एक ह्रदय में प्रेम बढ़ावे,
एक ताप संताप मिटावे,
दोनों सुख के सागर हैं,
और दोनों पूरण काम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम,
जग में सुन्दर हैं दो नाम,
चाहे कृष्ण कहो या राम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम......

एक कंस पापी को मारे,
एक दुष्ट रावण संहारे,
दोनों दीन के दुःख हरत हैं,
दोनों बल के धाम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम,
जग में सुन्दर हैं दो नाम,
चाहे कृष्ण कहो या राम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम......

एक राधिका के संग राजे,
एक जानकी संग बिराजे,
चाहे सीता-राम कहो,
या बोलो राधे-श्याम,

बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम,
जग में सुन्दर हैं दो नाम,
चाहे कृष्ण कहो या राम,
बोलो राम राम राम,
बोलो श्याम श्याम श्याम......

स्वर : अनुराधा पौडवाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31619/title/chahe-krishan-kaho-ya-ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |